MADI (India) माड़ि (इंड़िया)

महिला सम्मान शपथ अभियान - २०१९

२६ जनवरी २०१९ - १५ अगस्त २०१९

आदरणिय महोदया/महोदय,

महिला सम्मान शपथ अभियान के तहत २६ जनवरी २०१९ से १५ अगस्त २०१९ तक भारत के हर एक नागरिक को 'महिला सम्मान शपथ' दिलाने का संकल्प MADI (India) माड़ि (इंड़िया) द्वारा लिया गया है । इस कार्यक्रम के अंतर्गत ८ मार्च २०१९ आंतरराष्ट्रिय महिला दिन को आप स्वयं तथा आपके संस्था के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा पुरूष एवं महिलाओं को 'महिला सम्मान शपथ' दिलाने का प्रयास करे । साथ ही औरों को भी इस कार्य के लिये प्रेरित करे ।

आपके सहयोग के लिये अनेकानेक धन्यवाद!

* महिला सम्मान शपथ *

"मैं एक सजग व्यक्ति तथा जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह शपथ लेता/लेती हूँ कि मैं अपने विचार तथा कृती के माध्यम से महिलाओं के प्रति हर संभव संवेदना प्रकट करूंगा/करूंगी.

मैं स्वयं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूपसे किसी भी महिला के प्रति अमानवीय व्यवहार नहीं करूंगा/करूंगी.

महिलाओं के प्रति मेरे सामने या अपरोक्ष हो रहे हर अमानवीय व्यवहार के प्रति मैं अपनी आवाज उठाकर तथा कृती से उसे रोकने का हर संभव प्रयास करूंगा/करूंगी तथा औरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करूंगा/करूंगी.

२९ सितम्बर २००६ खैरलांजी–महाराष्ट्र, १६ दिसम्बर २०१२ दिल्ली व १३ जुलाई २०१६ कोपर्ड़ी–महाराष्ट्र की घटनाएँ महिला अत्याचार, बलात्कार व हत्या की घिनौंनी तथा बर्बरता की परिसीमा को अधोरेखित करनेवाली घटनाएँ हैं.... इन घटनाओं में सम्मिलित अपराधियों को जल्द से जल्द कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिये मैं तत्पर रहूंगा/रहूंगी.

वर्तमान तथा भविष्य में महिलाओं के प्रति अमानवीय व्यवहार एवं संकुचित मानसिकता को जड़ से खत्म करने की शपथ मैं लेता/लेती हूँ."

संकल्पना एवं प्रसार

MANAGEMENT AND DEVELOPMENT INTITIATIVE (MADI), INDIA

(Scientific) Management = (Good) Governance = (Eternal) Development

महेंद्र गौरीकुमार बैसाणे Mob : 9321 550 286

E-mail: connectmadi@gmail.com Website: www.bharukaka.com

सहभाग एवं सहयोग

निर्भया ज्योति ट्रस्ट ® न्यू दिल्ली (निर्भया के माता–पिता द्वारा संस्थापित)

Email : nirbhayajyoti@gmail.com Website : www.nirbhayajyotitrust.org